महत्वपूर्ण एवं खास

ढाई किलो गांजे के साथ यात्री प्रतीक्षालय में पकड़ा गया आरोपी

रायगढ़। थाना प्रभारी पुसौर निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम को दिनांक 14.02.2022 को मुखबिर से सूचना मिला कि आदर्श नगर स्कूल पुसौर के यात्री प्रतीक्षालय के पास एक व्यक्ति सफेद रंग का शर्ट पहने और हाथ में रखे झोला में मादक पदार्थ गांजा पकड़ा हुआ है जो कहीं जाने लिए साधन का इंतजार कर रहा है। थाना प्रभारी पुसौर द्वारा उक्त सूचना से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायगढ़ एवं नगर पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया गया और आरोपी के कहीं भाग जाने के आशंका पर कार्यवाही के लिए तत्काल पुसौर पुलिस यात्री प्रतीक्षालय पहुंची। यात्री प्रतीक्षालय में मुखबिर द्वारा बताये गये हुलिए का एक संदिग्ध व्यक्ति मिलने पर पूछताछ में अपना नाम गुहाराम चौहान पिता चंदन सिंह चौहान उम्र 70 वर्ष निवासी पुटकापुरी पुसौर का होना बताया जिसे कार्यवाही के संबंध में जानकारी देकर उसके झोला (थैला) के तलाशी लिए जाने पर झोला अंदर दो प्लास्टिक थैली में 2 किलो 400 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमत रु.35,000 रखा हुआ मिला संदेही से पूछताछ किए जाने पर ओडिशा से लाकर पुड़िया बनाकर बेचना बताया। आरोपी गुहाराम चौहान के कृत्य पर थाना पुसौर में 20 बी एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी पुसौर निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम, सहायक उपनिरीक्षक मनमोहन सिंह बैरागी, प्रधान आरक्षक शंभू पांडे, राजेश गुप्ता, शिव पैकरा, आरक्षक प्रकाश गिरी, दिनेश सिदार और चंद्रशेखर लोधा की प्रमुख भूमिका रही है।

तीन वारंटी गिरफ्तार : कोतवाली पुलिस ने मारपीट और आबकारी एक्ट के फरार वारंटियों को न्यायालय में किया पेश

रायगढ़। जिले में फरार वारंटियों की पतासाजी, गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस द्वारा आबकारी एक्ट के आरोपी राजकुमार सारथी पिता प्यारेलाल सारथी उम्र 27 साल निवासी जोगीडीपा रायगढ़, मारपीट मामले के दो आरोपी अमर सिंह तोमर उर्फ हरियाणा पिता सूरजपाल तोमर उम्र 50 साल निवासी होटल सिमोरियन के पीछे जगतपुर वार्ड क्रमांक 04 रायगढ़, सोनू वर्मा पिता अनिल वर्मा उम्र 23 साल निवासी तुर्कापारा चांदनी चौक रायगढ़ को जारी गिरफ्तारी वारंट के परिपालन में गिरफ्तार कर न्यायिक सक्षम न्यायालय में पेश किया गया है। थाना प्रभारी कोतवाली ने वारंटियों की पतासाजी, गिरफ्तारी के लिए प्रधान आरक्षक व आरक्षकों की विशेष गठित किया गया है।

काष्ठागार में लगे फेंसिग वायर व लोहे के एंगल चोरी मामले में दो आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने भेजा रिमांड पर

रायगढ़। कोतवाली पुलिस द्वारा दिनांक 14.02.2023 को वन विभाग के उर्दना काष्ठागार के सुरक्षा के लिये लगाये गये फेंसिग वायर, लोहे के एंगल को चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। कल राधिका खुटे, बीट अधिकारी वन विभाग द्वारा थाना कोतवाली में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 13.02.2023 के शाम उर्दना काष्ठागार के सुरक्षा के लिये लगाये गये फेंसिग वायर के लोहे के एंगल को चोरी करते दो चोर को वनकर्मी पकडे हैं। पूछताछ में आरोपी अपना नाम आदीकिशन और ठुनूराम निवासी गोरखा बताये। रिपोर्टकर्ता के लिखित आवेदन पर थाना कोतवाली में आरोपियों पर चोरी का अपराध पंजीबद्ध किया गया। गिरफ्तार आरोपी- (1) आदि किशन पिता दया किशन उम्र 40 साल निवासी गोरखा थाना कोतरारोड़ जिला रायगढ़ स्थाई पता लखनपुर जिला झाड़सुगुड़ा उड़ीसा (2) ठुनू राम पिता छेदू उरांव उम्र 20 साल निवासी गोरखा खाना कोतरा रोड रायगढ़ स्थाई पता घरघोड़ा थाना घरघोड़ा रायगढ़ से चोरी किया हुआ 04 नग लोहे का एंगल बरामद किया गया है।

वन क्षेत्रों में अग्नि से सुरक्षा के लिए व्यापक प्रबंध

❐ अरण्य भवन रायपुर में कंट्रोल रूम: टॉल फ्री नम्बर 18002337000 स्थापित

रायपुर (आरएनएस)। वनों का अग्नि से बचाव अत्यंत आवश्यक है। इसके मद्देनजर वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में विभाग द्वारा प्रदेश के वन क्षेत्रों में अग्नि से सुरक्षा हेतु व्यापक प्रबंध किए गए हैं। इसके तहत आगामी 15 जून 2023 तक वनों को अग्नि से बचाव वन विभाग की प्राथमिकता में है। वन विभाग द्वारा इसके अंतर्गत प्रधान मुख्य वन संरक्षक कार्यालय अरण्य भवन रायपुर में कन्ट्रोल रूम में टॉल फ्री नम्बर 18002337000 स्थापित किया गया है, जिस पर कोई भी व्यक्ति अग्नि घटनाओं की सूचना दे सकते हैं। इसी तरह समस्त वनमंडलों में भी वनमंडल कार्यालयों में अग्नि सुरक्षा हेतु कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जहां से अग्नि घटनाओं की सतत् निगरानी की जा रही है। वन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अग्नि सीजन 15 फरवरी से प्रारंभ हो गया है तथा 15 जून 2023 तक वनों को अग्नि से बचाना विभाग की प्राथमिकता में है। अग्नि से जहां एक ओर प्राकृतिक पुनरूत्पादन के पौधे नष्ट हो जाते हैं वहीं दूसरी ओर वृक्षों की काष्ठ की गुणवत्ता भी प्रभावित होती है। अतएव वनों को अग्नि से बचाव अत्यंत आवश्यक है। अग्नि सुरक्षा हेतु समस्त वनमंडलों में अग्नि रेखाओं की कटाई, सफाई, जलाई की जा चुकी है। वन क्षेत्रों में अग्नि से सुरक्षा हेतु कैम्पा मद से समस्त बीटो में एक-एक अग्नि रक्षक की नियुक्ति की गई है। वनों में लगने वाली आग को बुझाने हेतु कर्मचारियों को आधुनिक उपकरण फायर ब्लोअर उपलब्ध कराया गया है। इसी तरह फारेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया (एफसीआई) से फायर एलर्ट रजिस्टर कराए गए हैं। कर्मचारियों के मोबाइल नम्बरों पर एसएमएस के माध्यम से अग्नि घटना स्थल का जीपीएस निर्देशांक सीधे प्राप्त होता है। इस सूचना का उपयोग अग्नि नियंत्रण में प्रभावी रूप से किया जा रहा है। एफएमआईएस अरण्य भवन रायपुर द्वारा भी प्रतिदिन समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों को एसएमस के माध्यम से अग्नि घटना स्थल का जीपीएस निर्देशांक सूचित किया जा रहा है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्री संजय शुक्ला द्वारा विभाग के समस्त अधिकारियों को अग्नि सुरक्षा हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत उन्होंने निर्देशित किया है कि समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं वन सुरक्षा समितियां, वन सुरक्षा श्रमिक, लगाये गये अग्नि प्रहरी वनों की अग्नि से सुरक्षा हेतु सतत् रूप से निरंतर सक्रिय रहेंगे। सुरक्षा में लगे अग्नि प्रहरियों तथा सुरक्षा श्रमिको को वनक्षेत्रों में जहां कहीं भी अग्नि या धुंआ दृष्टिगोचर हो तत्परता से वहां पहुंच कर सुलग रही अग्नि को तत्काल बुझाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। वन प्रबंधन समितियों को वनों की अग्नि सुरक्षा में सक्रिय जवाबदारी दी जाये। (फारेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया (एफसीआई) देहरादून एवं एफएमआईएस अरण्य भवन रायपुर से प्राप्त अग्नि स्थलो की सूचना के आधार पर तत्काल अग्नि स्थल का निरीक्षण कर आग को बुझाया जाये। आमजनों के बीच वनों की अग्नि से सुरक्षा का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये। यह ध्यान में रखें कि लोगों की जागरूकता अग्नि सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

घरेलू नल कनेक्शन के कार्यो में तेजी लाने कलेक्टर ने दिए निर्देश

❐ कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने ली जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक

रायगढ़। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला जल स्वच्छता मिशन की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन का लक्ष्य वर्ष 2024 तक प्रत्येक ग्रामीण परिवार को कार्यशील घरेलू नल कनेक्शन उपलब्ध कराना है। जिसके तहत घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय के कार्यो में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने इस योजना के तहत परिवार स्तर पर पेयजल की सेवा उपलब्ध कराने अर्थात नियमित आधार पर पर्याप्त मात्रा और निर्धारित गुणवत्ता वाली पेयजल आपूर्ति के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ अबिनाश मिश्रा भी उपस्थित रहे।

कलेक्टर सिन्हा ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्यो की अद्यतन प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि आगामी ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर कार्यो में तेजी लाए। इसके साथ ही उन्होंने निविदा कार्य की जानकारी लेते हुए टेंडर जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे कार्यो में सामग्री की क्वालिटी का विशेष ध्यान रखा जाए। कलेक्टर सिन्हा ने जल जीवन मिशन अंतर्गत जागरूकता हेतु संबंधित एजेंसियों की मीटिंग लेकर कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को जागरूक करवाने के निर्देश दिए। इन कार्यो में सरपंच, सचिव, महिला स्व-सहायता समूह को भी जोडऩे के निर्देश दिए। उन्होंने जिला स्तरीय 4 दिवसीय लेवल-3 केआरसी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित जाने के संबंध में चर्चा करते हुए जल जीवन मिशन अंतर्गत विभिन्न मदों में भुगतान के संबंध में जानकारी ली।

ईई पीएचई परीक्षित चौधरी ने बताया कि जल जीवन मिशन अंतर्गत 13 फरवरी 2023 की स्थिति में कुल 82 हजार 115 एफएचटीसी प्रदाय किया जा चुका है। जल जीवन मिशन अंतर्गत पुराने एसओआर पर आधारित 85 क्वालिफाई निविदाओं के दर खोले गये है जिसमें से 84 निविदा स्वीकृति हेतु पात्र पाया गया एवं 01 निविदा दर अधिक होने के कारण से अस्वीकृत कर पुन: निविदा आमंत्रित किया जाना प्रस्तावित है। जल जीवन मिशन के कार्यो में पाइपलाइन सामग्री के रूप में विभिन्न व्यास के उच्च गुणवत्ता के यूपीवीसी पाईप का बड़ी मात्रा में उपयोग किया जा रहा है।

गला रेतकर व पत्थर से कुचलकर की युवक की हत्या, पुलिस जांच में जुटी

बिलासपुर (आरएनएस)। जिले के मस्तूरी थाना क्षेत्र के तहसील कार्यालय के पीछे नहर किनारे स्थित शराब दुकान के पास एक युवक की खून से लथपथ लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने आशंका जताई है कि युवक की पहले सब्जी काटने वाले चाकू से गला को रेता गया है। उसके बाद पहचान छुपाने पत्थर से कुचलकर मौत के घाट उतार दिया है।

गौरतलब हो कि मस्तूरी स्थित शराब दुकान एवं तहसील कार्यालय के बीच में नहर किनारे नीचे सुबह ग्रामीणों ने एक अज्ञात लाश देखी। जिसके बाद मौके पर पहुंची मस्तूरी पुलिस द्वारा शिनाख्त कार्यवाही की गई। जिसमे मृतक के पास मिले कागजात से मृतक बिलासपुर मोपका निवासी अनीश सिंह ठाकुर 30 वर्ष के रूप में पहचान हुई। जिसके बाद बिलासपुर एडिशनल एसपी राहुल देव शर्मा एवं डॉग स्क्वायड की टीम मौके पर पहुंच आगे की जांच में जुट गई है। मृतक बिलासपुर से मस्तूरी किसके साथ पहुँचा था किन परिस्थितियों मे युवक की मौत हुई है, यह पुलिस की जांच के बाद ही स्पष्ट होंगी

क्षितिज अपार संभावनाएं योजनान्तर्गत कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले दिव्यांग छात्र-छात्राओं की सूची जारी

❐ 20 तक दावा-आपत्ति आमंत्रित

रायगढ़। क्षितिज अपार संभावनाएं योजनान्तर्गत जिले के कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले दिव्यांग छात्र तथा छात्रा को क्रमश 2 हजार रुपए एवं 5 हजार रुपए एकमुश्त प्रोत्साहन राशि प्रदाय किये जाने का प्रावधान है। जिसके तहत शैक्षणिक सत्र 2021-22 में घोषित कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं की प्रावीण्य सूची में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले दिव्यांगजनों की सूची तैयार की गई है। जिनमें कन्या उ.मा.वि.नौरंगपुर जनपद पंचायत सारंगढ़ कक्षा 10 वीं की छात्रा कु.कीर्ति पटेल तथा उ.मा.विद्यालय तेतला जनपद पंचायत पुसौर कक्षा 10 वीं के छात्र रामकिशन साव एवं उ.मा.वि.तुरेकेला, जनपद पंचायत खरसिया कक्षा 12 वीं की छात्रा कु.प्रिया सारथी एवं उ.मा.वि.टारपाली जनपद पंचायत रायगढ़ कक्षा 12 वीं के छात्र आदर्श सिदार शामिल है।

उक्त सूची के संबंध में किसी दिव्यांग छात्र-छात्रा को आपत्ति हो तो समुचित प्रमाण-पत्र के साथ कार्यालय उप संचालक समाज कल्याण विभाग, रायगढ़ में 20 फरवरी 2022 तक कार्यालयीन समय में दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

शहीद वीर नारायण सिंह कॉलेज ने शहीद जवानों और भूतपूर्व सैनिक परिवारों के लिए की आर्थिक मदद

रायगढ़। वनांचल स्थित शहीद वीर नारायण सिंह शासकीय महाविद्यालय जोबी-बर्रा के विद्यार्थियों, पालकों और अधिकारी-कर्मचारियों ने शहीद जवानों के परिवारों एवं भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण कार्यों के लिए सहयोग राशि एकत्र की। जिसे जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में जमा कराया गया।

महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार थवाईत के मार्गदर्शन एवं आइक्यूएसी समन्वयक डॉ.ज्ञानमणी एक्का के नेतृत्व में महाविद्यालय के कर्मचारियों और अधिकारियों सहित छात्र-छात्राओं के पालकों का भी सहयोग रहा। जहां एक ओर प्रभारी प्राचार्य थवाईत ने प्रकाश डालते हुए योजना को सराहनीय बतलाया और कहा कि वीर बहादुर सैनिकों ने देश की सीमा की रक्षा करते हुए अपने जीवन का परम बलिदान दिया है जो अत्यन्त गौरवपूर्ण है, हमें इसे न भुलाते हुए सीख लेना चाहिए। साथ-साथ अपनी स्वेच्छा से इस कार्य में अर्थिक सहयोग जरूर प्रदान करना चाहिए। वहीं महाविद्यालय के आईक्यूएसी समन्वयक डॉ.एक्का ने बताया कि इस

मदद से जमा की गई राशि को जिला सैनिक कल्याण कार्यालय रायगढ़ में जमा कर करा दिया गया है। पूरे जिले से एकत्रित राशि को भूतपूर्व सैनिकों की पुनर्वास एवं पुनर्वास स्थापन के लिए सम्मिलित विशेष निधि संचालनालय सैनिक कल्याण के कोष में जमा किया जाएगा। इस कार्य में मुख्यत: अतिथि व्याख्याता राहुल राठौर व रितेश राठौर का विशेष योगदान रहा।

पांच गांवों में योग प्रशिक्षण शिविर संपन्न

रायगढ़। संचालनालय आयुष रायपुर छत्तीसगढ़ शासन के आदेशानुसार एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.मीरा भगत के मार्गदर्शन एवं आयुष हेल्थ वैलनेस सेंटर, महापल्ली के प्रभारी चिकित्सक डॉ.सुभाष चंद्र झा के संयोजन में आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर, महापल्ली के पांच निकटस्थ ग्राम लोइंग, कोसमपाली, सकरबोगा, साल्हेओना एवं बनोरा में 19 जनवरी से 13 फरवरी तक पांच दिवसीय नि:शुल्क योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। लगातार 25 दिन पांच ग्रामों में योग शिविर में कुल 1203 हितग्राही लाभान्वित हुए जिसमें लोइंग में 191, कोसमपाली में 264, सकरबोगा में 259, साल्हेओना में 221 तथा बनोरा में 268 हितग्राही लाभान्वित हुए।

योग प्रशिक्षिका कुमारी वर्षा प्रधान एवं आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर महापल्ली के प्रभारी चिकित्सक डॉ.सुभाष चंद्र झा द्वारा योगाभ्यास कराया गया। अंत में ध्यान, संकल्प तथा शांति पाठ के द्वारा सत्रों का समापन किया गया। शिविर स्थल पर ग्रामीणों को योगाभ्यास से संबंधित ब्रोशर एवं पाम्पलेट नि:शुल्क वितरण किया गया।

शिविर के उपरांत महिलाओं, बच्चों सहित बुजुर्गों ने योग भली-भांति सीख कर जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर, महापल्ली के कर्मचारी, सुश्री गंगा सिदार, विश्वबंधू सोनी, मीना महंत, शैलेष, बसंत गुप्ता एवं विनोद का विशेष योगदान रहा।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 ती.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ताकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मूलभावना कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समस्त उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

सी-मार्ट आन व्हील्स के माध्यम से महत्वपूर्ण स्थलों पर उपलब्ध हो सकेंगे सी-मार्ट के उत्पाद

❐ शापिंग माल, महत्वपूर्ण उद्यानों और साप्ताहिक बाजारों में पहुंचेगी

दुर्ग (आरएनएस)। प्रदेश भर में स्वसहायता समूहों द्वारा बनाये जा रहे अनूठे उत्पादों को सी-मार्ट में विक्रय के लिए रखा गया है। इन उत्पादों की तेजी से बढ़ती लोकप्रियता के चलते जिला प्रशासन ने दुर्ग और भिलाई शहर के महत्वपूर्ण उद्यानों, शापिंग माल और साप्ताहिक बाजारों में उपलब्ध कराने के लिए सी-मार्ट आन व्हील्स चलाने का निर्णय लिया है। इस संबंध में कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने निगम आयुक्तों को स्थल चिन्हांकित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि भिलाई के सी-मार्ट में प्रदेश के स्वसहायता समूहों द्वारा उत्पादित होने वाले सबसे अच्छे उत्पाद रखे गये हैं। बस्तर के कुछ ऐसे उत्पाद हैं जिनका उत्पादन वहीं पर होता है उसी तरह से सरगुजा एवं अन्य क्षेत्रों के उत्पाद हैं। सी-मार्ट आन व्हील्स के माध्यम से इसकी बिक्री हो सकेगी। उन्होंने दुर्ग का उदाहरण देते हुए कहा कि सुबह-सुबह बड़ी संख्या में लोग राजेंद्र पार्क आते हैं। ये लोग अपनी सेहत के प्रति काफी जागरूक होते हैं। सी-मार्ट में अनेक ऐसे उत्पाद हैं जो स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से काफी अच्छे हैं। सीमार्ट आन व्हील्स की सुविधा उपलब्ध होने से ऐसे उपभोक्ताओं को भी लाभ मिल सकेगा और स्वसहायता समूहों की आय भी तेजी से बढ़ेगी। बैठक में भिलाई निगम आयुक्त रोहित व्यास, दुर्ग निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

मोबाइल वैन के माध्यम से जैविक सब्जी भी उपलब्ध कराई जाएगी- कलेक्टर ने कहा कि जिले की हर बाड़ी में विशेष तरह की सब्जी का उत्पादन किया जा रहा है और सभी समूहों को निर्देश दिये गये हैं कि जैविक खाद का ही इस्तेमाल किया जाए। इन उत्पादों को एक जगह उपलब्ध कराने जैविक सी-मार्ट बन रहा है। इसके साथ ही मोबाइल वैन के माध्यम से भी इन बाडिय़ों के उत्पाद को उपलब्ध कराया जाएगा। सीमार्ट आन व्हील्स की तरह इन्हें भी साप्ताहिक बाजारों में उपलब्ध कराया जाएगा। उल्लेखनीय है कि जिले की बाडिय़ों में अभी हर सप्ताह 78 चूंटिल सब्जी का उत्पादन आरंभ हो गया है और इनके विक्रय के माध्यम से समूह की महिलाएं फिलहाल डेढ़ करोड़ रुपए तक आय प्राप्त कर चुकी हैं।

नदी किनारे विकसित की जाएगी अमराई- जिले में फलोद्यान को बढ़ावा देने के लिए पांच फलों पर विशेष रूप से कार्य किया जा रहा है इन फलों में केला, पपीता, आम, अमरूद, ड्रैगनफ्रूट आदि हैं। आम के पौधों को बढ़ावा देने के लिए नदी किनारे 10 एकड़ पैच चिन्हांकित करने कलेक्टर ने निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सब्जी की बाड़ी अच्छी तरह से स्थापित हो गई है। अब फलोद्यान स्थापित करने के मिशन पर अब काम करना है। उन्होंने कहा इन फलोद्यान में एडवांस सिस्टम से काम होगा और ऐसी प्रजातियों का चुनाव किया जाएगा जिनके सबसे अच्छे नतीजे रहे हैं।

नगरीय गौठानों में गोपालन, मशरूम उत्पादन को बढ़ावा- कलेक्टर ने कहा कि नगरीय निकायों में माँग और आपूर्ति को देखते हुए काम करें। बड़े पैमाने पर मशरूम उत्पादन से इसकी अच्छी बिक्री की संभावनाएं बहुत बनेंगी क्योंकि शहरों में होटलों में मशरूम की काफी माँग रहती है।